रोवर्स रेंजर्स द्वारा बनाये गये कैंप का निरीक्षण करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ० पी. के० पाण्डेय ने कहा कि ऐसे आयोजन से छात्रों में एकता, अनुशासन और सामूहिकता की भावना का विकास होता है उन्होंने कहा कि जीवन में अगर उन्हें विपरीत परिस्थितियों में भी काम करना पड़े तो वे उसके लिए सदैव तैयार रहेंगे। रोवर्स-रेंजर्स ने इस दौरान सभी अतिथियों व शिक्षकों के समक्ष अपने द्वारा बनाये गये विभिन्न प्रकार के व्यंजनों को भी प्रस्तुत किया। सभी शिक्षकों व अतिथियों ने रोवर रेंजर प्रशिक्षण के समापन के मौके पर समस्त छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। जिला कमिश्नर स्काउट गाइड सैयद मेंबारी

द्वारा प्रतिभागियों को मेडल व प्रशस्ति पत्र दिया गया। रेंजर्स प्रभारी डॉ० प्रीतम उपाध्याय व रोवर प्रभारी डॉ० श्याम लाल यादव ने धन्यवाद व आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ० पी० के० पाण्डेय, डॉ० उदयशंकर झा, डॉ० इन्द्रदेव सिंह, डॉ० दयाशंकर सिंह यादव, डॉ० शमीम राईन, डॉ० दयानिधि यादव, डॉ० पवन ओझा, डॉ० रवीन्द्र मिश्रा, डॉ० योगेन्द्र तिवारी, डॉ० अनिल तिवारी, डॉ० मीनू श्रीवास्तव, डॉ० रीना वर्मा, डॉ० आनन्द कुमार उपाध्याय, ललन, धर्मेन्द्र यादव, बृजेश यादव, श्याम लाल, प्रशिक्षक महेन्द्र कुमार, कुमारी पूजा आदि उपस्थित रहे

P Upadhyay

for Vijendra Singh

दिनांक : 27/03/2022
स्थान : सकलडीहा

डॉ० प्रीतम उपाध्याय
प्रभारी रेंजर्स
सकलडीहा पी० जी० कालेज
सकलडीहा - चन्दौली

डॉ० श्याम लाल यादव
प्रभारी रोवर्स
सकलडीहा पी० जी० कालेज
सकलडीहा - चन्दौली

रोवर्स/रेंजर्स जनपदीय समागम, जनपद-चन्दौली।

Feb- 9-10 2020

## प्रथम दिवस Feb. 09/02/2020

सकलडीहा पी०जी० कालेज, सकलडीहा, चन्दौली में 9 Feb. 2020 को रोवर्स/रेंजर्स जनपदीय समागम का शुभारम्भ हुआ जिसमें सकलडीहा पी०जी० कालेज, सकलडीहा, खण्डवारी पी०जी० कालेज चहनियां व दुरबारी पी०जी० कालेज सदलपुरा की टीम ने भाग लिया, कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ० अनिल यादव (पूर्व प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री पी०जी० कालेज, मुगलसराय) ने सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके की। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ० पी०के० सिंह, प्राचार्य, सकलडीहा पी०जी० कालेज, सकलडीहा ने की।

समागम के प्रथम दिन रैली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें निम्नलिखित विषय थे — लघुनाटक, कैम्पफायर, निबन्ध प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता आदि। कार्यक्रम का आयोजन, डॉ० पी०के० सिंह (प्राचार्य), डॉ० विजेन्द्र सिंह (रोवर प्रभारी), डॉ० प्रीति उपाध्याय (रेंजर प्रभारी) तथा समस्त महाविद्यालय परिवार ने किया। कार्यक्रम में मा० अजय सिंह, प्रबन्धक दुरबारी पी०जी० कालेज, सदलपुरा, डॉ० इन्द्रदेव सिंह, डॉ० दयाशंकर सिंह यादव, डॉ० योगेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## द्वितीय दिवस Feb. 10/02/2020

सकलडीहा पी०जी० कालेज, सकलडीहा चन्दौली में सोमवार 10/02/2020 को दो दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स कार्यक्रम का समापन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ० अजय कुमार सिंह, प्राचार्य, खण्डवारी पी०जी० कालेज ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम के दूसरे दिन सिकलोरामा स्काउटिंग, नाईट स्काउटिंग, प्राथमिक सहायता (फायर फाइटिंग के दौरान), रोल प्ले (एकल) भारतीय महापुरुषों / महान नारियों से सम्बन्धित, ड्रा टीम इनकाउंसिल, कीम्सगेम्स, सेन्ड स्टोरी, मार्च पास्ट एवं वर्दी, कलर वर्दी, पायनियरिंग, डोनेट, कैम्पिंग आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये।

रोवर्स/रेंजर्स को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अजय कुमार सिंह, प्राचार्य, खण्डवारी पी०जी० कालेज चहनियां ने कहा कि रोवर्स/रेंजर्स का प्रशिक्षण जीवन में आगे बढ़ने के लिए आत्मबल प्रदान करता है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ० पी०के० सिंह, प्राचार्य सकलडीहा पी०जी० कालेज ने कहा कि प्रशिक्षण से आत्मानुशासन के साथ-साथ देश सेवा व समाज सेवा की भावना विकसित होती है

डा० शिवराहल सिंह, अध्यक्ष भूगोल विभाग ने कहा कि रोवर्स / रेंजर्स राष्ट्र के गौरव हैं।

अन्त में सकलडीहा पी०जी० कालेज की रोवर्स / रेंजर्स टीम ने द्विदिवसीय कार्यक्रम में 60 अंक प्राप्त कर चैम्पियनशिप का खिताब जीता। वहीं खण्डवारी पी०जी० कालेज की टीम दूसरे स्थान पर रही तथा दरियावी पी०जी० कालेज तीसरे स्थान पर रहा।

अतिथियों ने तीनों टीम को मेडल और शील्ड देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यक्रम रोवर्स प्रभारी डा० विजेन्द्र सिंह, रेंजर्स प्रभारी डॉ० प्रीतम उपाध्याय, डॉ० दयाशंकर सिंह यादव, डा० दयानिधि सिंह यादव, कार्यक्रम संचालक सैय्यद अली अंसारी, सर्फराज, श्री भानु प्रताप सिंह, सुश्री संगीता यादव, सुश्री पूजा यादव, सुश्री पूनम यादव, कमलेश यादव, धर्मेन्द्र यादव आदि मौजूद थे।

दिनांक : 10/02/2020
स्थान - सकलडीहा

Pritamupadhyay
डा० प्रीतम उपाध्याय
प्रभारी रेंजर्स
सकलडीहा पी०जी० कालेज
सकलडीहा - चन्दौली

Vijendra Singh
डा० विजेन्द्र सिंह
प्रभारी रोवर्स
सकलडीहा पी०जी० कालेज
सकलडीहा चन्दौली

जनपदीय समागम

25 - 26 Feb. 2023

प्रथम दिवस 25.02.2023

सकलडीहा पी.जी.कालेज सकलडीहा चन्दौली में दो दिवसीय रोवर/रेंजर का जिला समागम प्रारम्भ हुआ। जिसमें जनपद के विभिन्न महाविद्यालय के रोवर्स-रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य व मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

इस मौके पर रोवर्स/रेंजर्स द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमसहित अन्य मंचन ने सबको मुग्ध कर लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राजेश तिवारी, प्रबन्धक लाल बहादुर शास्त्री पी.जी.कालेज, ने कहा कि इस महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य स्वर्गीय पंडित राम कमल पांडेय ने 1965 में सीमित संसाधनों को समेट कर पूर्वांचल में शिक्षा की क्रान्ति फैला दी।

रोवर्स-रेंजर्स के विश्वविद्यालय समन्वयक, अध्यक्ष समागम व कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि रोवर्स-रेंजर्स का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक, बौद्धिक, सामाजिक, भावात्मक और आध्यात्मिक चेतना के विकास में मदद करता है साथ ही साथ राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय के लिए आप जैसे जिम्मेदार नागरिक भी तैयार करता है। विशिष्ट अतिथि डॉ० उदयन मिश्र, प्राचार्य लाल बहादुर शास्त्री पी.जी.कालेज, ने कहा कि यह प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं में प्रवीणता, कर्तव्य परायणता एवं सामाजिक सौहार्द सिखाता है रोवर्स रेंजर्स सेवा, संकल्प व समन्वय की बात करता है। समागम में शहीद हीरासिंह राजकीय महाविद्यालय धानापुर, पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय चंदौली, खंडवारी महिला पी.जी.कालेज चहनियां, खंडवारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय चहनियां एवं सकलडीहा पी.जी.कालेज, सकलडीहा टीम के रोवर्स-रेंजर्स ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ध्वजारोहण एवं मार्च पास्ट से शुरु हुआ।

कार्यक्रम का संचालन डिप्टी स्काउट गाइड सैयद अली अंजरी एवं अंजू कुमारी ने किया। इस मौके पर संयोजक रोवर्स रेंजर्स प्रोफेसर विजेन्द्र सिंह, डॉ० प्रीतम उपाध्याय, निर्णायक जयप्रकाश रावत भानु प्रताप सिंह, प्रो० पी०के० सिंह, प्रोफेसर दयानिधि मिश्र, डॉ० शमीम राईन, डॉ० उदयशंकर झा, डॉ० अजय कुमार यादव, डॉ० इन्द्रजीत सिंह, डॉ० दयाशंकर सिंह यादव, डॉ० सीमा मिश्रा, डॉ० मीनू जायसवाल, डॉ० एम० पी० सिंह डॉ० राजेश यादव, डॉ० उमेश चतुर्वेदी, डॉ० अभय वर्मा, डॉ० योगेन्द्र तिवारी जेपी रावत सहित अन्य उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत संयोजक रोवर/रेंजर प्रो० विजेन्द्र सिंह व धन्यवाद ज्ञापन डॉ० प्रीतम उपाध्याय ने किया।

# द्वितीय दिवस 26/02/2023

द्वितीय दिवस 26 फरवरी 2023 सकलडीहा पी.जी. कालेज सकलडीहा में महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की ओर से चारदिवसीय रोवर्स/रेंजर्स समागम कार्यक्रम का रविवार को भव्य समापन किया गया। समारोह के अध्यक्ष प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय समन्वयक रोवर्स/रेंजर्स महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ रहे। मुख्य अतिथि प्रोफेसर संत कुमार त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष हिंदी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ० श्री कृष्ण लाल श्रीवास्तव एवं कैप्टन सत्यमूर्ति ओझा तथा ग्राम प्रधान नागेपुर, सुरेन्द्र यादव रहे।

दो दिवसीय दिवारात्रि शिविर में रोवर्स-रेंजर्स ने पूरी निष्ठा और लगन के साथ विविध कार्यक्रमों का भव्य एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समागम में शहीद हीरा सिंह राजकीय महाविद्यालय धानापुर, चंदौली, पंडित कमलापति त्रिपाठी राजकीय महाविद्यालय चंदौली, मां खण्डवारी महिला महाविद्यालय चहनियां एवं सकलडीहा पी.जी. कालेज सकलडीहा ने प्रतिभाग किया। समागम में रोवर्स-रेंजर्स के मध्य विविध प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध, कैंप फायर, लोकगीत, लोकनृत्य, रंगोली/रामायण, झांकी, प्रोजेक्ट, फर्स्ट एड, पेंटिंग, यूज फॉर्म, रोल प्ले, क्विज, रैंप स्टोरी, मार्चपास्ट, कलरपार्टी विज आदि थे। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले व्यक्तिगत प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। समग्र रूप से शहीद हीरा सिंह महाविद्यालय धानापुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सकलडीहा पी.जी. कालेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया वहीं मां खण्डवारी पी.जी. कालेज एवं पंडित कमलापति त्रिपाठी कालेज तृतीय स्थान पर रहे। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में रोवर/रेंजर का आह्वान किया कि मानव जाति की सेवा और प्रकृति के संरक्षण के लिए स्काउटिंग आन्दोलन है। हम भारतवासियों के लिए हनुमान एक आदर्श स्काउट के रूप में स्थापित हुए थे जिन्होंने विकट परिस्थितियों में भी हर समस्या का हल करने में अपने को सिद्ध कर लिया था। भारत मनीषी विवेकानन्द, ज्योतिबा फुले, मदर टेरेसा जैसे अनेक उदाहरण आपके लिए आदर्श बनेंगे। कार्यक्रम समन्वयक प्रो० विजेन्द्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि रोवर्स रेंजर्स भविष्य में राष्ट्रहित में कार्य करें यही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। कैप्टन सत्यमूर्ति ओझा ने कहा कि प्राकृतिक आपदा आने पर कैसे समाज के सभी प्रभावित लोगों तक सेवा पहुंचे यह रोवर-रेंजर्स का प्रमुख

दायित्व है। समागम में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता में प्रथम आए धानापुर और द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सकलडीहा की टीम को सम्मानित किया। [illegible] महाविद्यालय चहनियां और कमलापति त्रिपाठी महाविद्यालय की की टीम ने तृतीय स्थान हासिल किया सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

Vijendra Singh
प्रभारी 26/02/23
रोवर्स / रेंजर्स
सकलडीहा पी॰जी॰ कालेज
सकलडीहा- चन्दौली

सकलडीहा पी०जी० कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

## राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष (2018–19) कार्यक्रम विवरण

| क्र०सं० | कार्यक्रम का नाम | दिनांक | कार्यक्रम का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर | 20.01.2019 | 1. शिविर का आयोजन अम्बेडकर नगर, सकलडीहा ग्राम पंचायत में डॉ० शमीम राईन कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में किया गया।<br>2. स्वयं सेवकों के माध्यम से ग्रामीण लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।<br>3. ग्रामीण लोगों को स्वच्छता एवं साफ–सफाई का महत्व समझाया गया। |
| 2. | द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर | 03.02.2019 | 1. शिविर का आयोजन नागेपुर ग्राम पंचायत में किया गया।<br>2. धुम्रपान निषेध तथा नशा मुक्ति के लिए ग्रामीण लोगों को जागरूक किया गया।<br>3. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शमीम राईन ने 'संगोष्ठी धुम्रपान निषेध' के माध्यम से युवा वर्ग को नशा के दुस्प्रभाव के बारे में बताया तथा इससे बचने की सलाह दी। |
| 3. | तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर | 10.02.2019 | 1. शिविर का आयोजन ताजपुर ग्राम पंचायत में किया गया।<br>2. स्वयं सेवकों द्वारा प्रौढ़ शिक्षा, साक्षरता के महत्व के बारे में ग्रामीण लोगों को बताया तथा साक्षर भी किया।<br>3. शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ० शमीम राईन द्वारा ''नारी शिक्षा'' पर व्याख्यान दिया गया। |
| 4. | चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर | 14.04.2019 | 1. शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया।<br>2. ''डॉ० भीम राव अम्बेडकर सामाजिक समरसता एवं आधुनिक समाज'' पर वैद्विक संगोष्ठी आयोजित की गयी थी। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० शमीम राईन तथा स्वयं सेवकों ने इस पर अपने विचार प्रकट किये।<br>3. महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई की गयी। |
| 5. | सात दिवसीय विशेष शिविर | 16.02.2019 से 22.02.2019 | 1. सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन पंचायत भवन टिमिलपुरा में किया गया जिसका कार्यस्थल टिमिलपुरा, सकलडीहा ग्राम पंचायत था।<br>2. इस शिविर का मुख्य थीम ''स्वच्छता अभियान एवं मतदाता जागरूकता'' था।<br>3. उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भूगोल विषय के विभागाध्यक्ष डॉ० विजय कुमार पाण्डेय थे।<br>4. इस शिविर के माध्यम से स्वयं सेवकों को शारीरिक स्वास्थ्य, साफ–सफाई, समाज सेवा, समाजिक सर्वेक्षण कौशल, राष्ट्र निर्माण, मतदान, राजनीतिक अधिकार, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता, रचनात्मक तथा सृजनात्मक बौद्धिक (सांस्कृतिक संगोष्ठी के माध्यम से) प्रशिक्षण दिया गया।<br>5. इस शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. श्याम नरायण यादव थे, जिन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयं सेवकों को समाज सेवा के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि हमें अधिकारों के साथ–साथ कर्तव्यों के उपर भी ध्यान देने की जरूरत है तथा एन.एस.एस. का मुख्य आदेश ''मुझे नहीं तुझे'' को आत्म सात करने की जरूरत है |

कार्यक्रम अधिकारी<br>
राष्ट्रीय सेवा योजना<br>
सकलडीहा पी०जी० कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

## राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष (2019–20) कार्यक्रम विवरण

| क्र0सं0 | कार्यक्रम का नाम | दिनांक | कार्यक्रम का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर | 22.12.2019 | 1.सामान्य शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर मे किया गया था।<br>2.संक्रामक रोगो एवं साफ–सफाई पर परिचर्चा आयोजित की गई थी। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 शमीम राइन ने स्वयंसेवको को विभिन्न प्रकार की संक्रामक रोगो की जानकारी दी तथा उन्हे बताया कि स्वच्छतारूपी शस्त्र से आसानी से इसपर विजय प्राप्त किया जा सकता है, स्वच्छ वातावरण की स्थापना के लिए बहुत सारे सुझाव भी दिए।<br>3.स्वयंसेवको ने परिचर्या के बाद माहविद्यालय परिसर की सफाई करने के साथ–साथ नागेपुर ग्राम पंचायत में स्वच्छता के प्रति ग्रामीण लोगो का जागरूक किया। |
| 2. | द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर | 05.01.2020 | 1.द्वितीय समान्य शिविर का आयोजन टिमिलपुरा ग्राम पंचायत के मलिन बस्ती में किया गया था।<br>2.'नशा जीवन के लिये अभिशाप' पर परिचर्चा आयोजित की गई थी जिसपर डॉ0 दयानिधि यादव कार्यक्रम अधिकारी ने कहा की नशा से जन और धन दोनो का नुकशान होता है। इससे स्वयं सेवक स्वयं तो दूर ही रहे इसके लिये दूसरो को भी जागरूक करें।<br>3.स्वयं सेवको ने नशामुक्ति के लिए ग्रामीण लोगो को जागरूक किया। |
| 3. | तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर | 16.02.2020 | 1.इस सामान्य शिविर का आयोजन इटवॉ ग्राम पंचायत मे किया गया।<br>2.स्वयं सेवको द्वारा नव साक्षरता अभियान चलाकर जीवन में शिक्षा के प्रति ग्रामीण लोगो में जागरूकता लाया गया।<br>3.डॉ0 अभय कुमार वर्मा द्वारा नुक्कड सभी कर ग्रामीण लोगो को महीला शिक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा बेटी बचाओं बेटी पढाओं का पाठ भी पढाया। |
| 4. | चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर | 01.01.2020 | 1.चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन बलारपुर और सकलडीहा ग्राम पंचायत मे किया गया।<br>2.स्वयं सेवको ने स्वच्छ जल प्रयोग शौचालय का प्रयोग शौचालय के बाद केवल साबुन व सर्फ से हाथ धोना, मच्छरदानी का प्रयोग करना, बिमार होने तथा डिलवरी के समय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द पर ही उपचार कराना इत्यादि विषयों के ऊपर स्लोगन पोस्टर के माध्यम से ग्रामीण लोगो को जागरूक किया।<br>3.महिला स्वयं सेवको ने स्वच्छता और सफाई गीत के माध्यम से ग्रामीण लोगो को इसके लिये प्रभावित किया। |
| 5. | सात दिवसीय विशेष शिविर | 22.02.2020 से 28.02. 2020 | 1.सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन स्थल महाविद्यालय परिसर तथा जिसका कार्यस्थल इटवा ओरवा, नागेपुर तथा दिनदासपुर ग्राम पंचायते थी।<br>2.उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 जगदीश सिंह दिक्षित राम मनोहर लाहिया कार्य परिषद थे, जिन्होंने अपने व्यक्तव्य में कहॉ की राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य राष्ट्र निर्माण तथा समाज सेवा है। इस शिविर के माध्यम से आपको इसके लिए प्रशिक्षित किया जायेगा जिससे आप शिक्षित भावी राष्ट्र निर्माता बन सकें।<br>3.इस शिविर में विशिष्ट अतिथि डॉ0 प्रदीप कुमार पाण्डेय, हरिशचन्द्र महाविद्यालय वाराणसी थे।<br>4.इस शिविर के माध्यम से स्वयं सेवकों को शारीरिक स्वास्थ्य, साफ–सफाई, समाज सेवा, समाजिक सर्वेक्षण कौशल, राष्ट्र निर्माण, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | मतदान, राजनीतिक अधिकार, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता, रचनात्मक तथा सृजनात्मक बौद्धिक (सांस्कृतिक संगोष्ठी के माध्यम से) प्रशिक्षण दिया गया।<br>5. समापन के मुख्य अतिथि प्रो0 टी0एन0 सिंह कुलपति म0गा0का0 विद्यापीठ थे। जिन्होने अपने व्यक्तव्य मे कहा कि गुरू की कृपा से ही सफलता मिलती है। इस प्रशिक्षण शिविर मे स्वयं सेवक 24 घण्टे गुरूओं के निर्देशन में चरित्र निर्माण तथा व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण जो लिये है जिसका गुरू दक्षिणा आपको जीवन में अनुशासन के साथ समाज सेवा तथा राष्ट्र निर्माण के माध्यम से देना है यही एन.एस.एस. का मूल मंत्र भी है।<br>6. समापन शिविर के विशिष्ट अतिथि श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना महामंत्री पुरातन छात्र प्रकोष्ठ थे उन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि नगरिकों का चरित्र ही देश को महान बनाता है। आज हम सभी स्वयं सेवको से आशा रखते है कि राष्ट्र सेवा ही उनका ध्येय होगा तथा जातिवाद, सम्प्रदायवाद, निजी स्वार्थ से हटकर समाज के उत्थान में सहयोग करेंगे। |

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज
सकलडीहा–चन्दौली

सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

## राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष (2020–21) कार्यक्रम विवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम एक दिवसीय शिविर | 12.01.2021 | 1. प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन बलारपुर ग्राम पंचायत में किया गया।<br>2. शिविर में स्वयं सेवकों के माध्यम से ग्रामीण लोगों को स्वच्छता एवं साफ–सफाई के महत्व को समझाया गया तथा इसके प्रति जागरूक किया गया।<br>3. "स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत" बैद्धिक संगोष्ठी में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 दयानिधि सिंह यादव द्वारा स्वच्छता एवं साफ–सफाई के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला गया। |
| 2. | द्वितीय एक दिवसीय शिविर | 07.02.2021 | 1. शिविर का आयोजन बलारपुर ग्राम पंचायत के मलीन बस्ती में किया गया।<br>2. पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन पर ग्रामीण लोगो को जागरूक किया गया, जल संरक्षण, वृक्षारोपण तथा वायु संरक्षण (खेती के अवशेषों को न जलाना) मुख्य विषय था।<br>3. सांस्कृतिक गोष्ठी का आयोजन किया गया था। |
| 3. | तृतीय एक दिवसीय शिविर | 28.02.2021 | 1. शिविर का आयोजन नागेपुर ग्राम पंचायत में किया गया था।<br>2. शिविर के माध्यम से ग्रामीण लोगों में शिक्षा तथा नव साक्षरता के प्रति जागरूक किया गया।<br>3. अपने संसाधनों को श्रम–दान के द्वारा संरक्षित करना इसके प्रति ग्रामीण लोगों को जागरूक किया गया। |
| 4. | चतुर्थ एक दिवसीय शिविर | 21.03.2021 | 1. शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया।<br>2. स्वयं सेवकों से डायरी में वर्ष पर्यन्त 240 घण्टे के कार्यक्रम को अंकित कराया गया तथा डायरी अंकन का महत्व समझाया गया।<br>3. महाविद्यालय की साफ–सफाई की गयी।<br>4. सांस्कृतिक संगोष्ठी आयोजित की गई। |
| 5. | सात दिवसीय विशेष शिविर | 07.03.2021 से 13.03. 2021 | 1. सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन स्थल महाविद्यालय परिसर था तथा कार्यक्रम स्थल ईटवा, नागेपुर और बलालपुर ग्राम पंचायत था।<br>2. इस शिविर का मुख्य थीम 'नव साक्षरता एवं स्वच्छता अभियान' था।<br>3. शिविर के उद्घाटन के मुख्य अतिथि डॉ0 मोहम्मद आशिफ थे। अपने वक्तव्य में स्वयं सेवकों को निस्वार्थ भाव से समाज और राष्ट्र की सेवा करने की सलाह दी।<br>4. समाजिक बुराईयों दहेज प्रथा, कन्याभ्रुण हत्या, जातिवाद, सम्प्रदायवाद इत्यादि से दूर रहने के साथ–साथ इसके प्रति लोगों को जागरूक करने की सलाह दी।<br>5. समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 सन्त कुमार त्रिपाठी पूर्व विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग थे जिन्होंने अपने वक्तव्य में स्वयं सेवकों को जीवन में आने वाली चुनौतियों का डटकर सामना करने को कहा तथा कहा कि समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण हमारा प्रमुख लक्ष्य होना चाहिए। यह कार्यशाला हमें इसके लिए प्रेरित करेगी। |

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

# राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष (2021–22) कार्यक्रम विवरण

| क्र0सं0 | कार्यक्रम का नाम | दिनांक | कार्यक्रम का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर | 20.01.2022 | 1. प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन इटवा ग्राम पंचायत में किया गया।<br>2. स्वयं सेवकों ने नाली और रास्तों की सफाई की तथा सफाई कार्य के लिए ग्रामीण लोगों को प्रेरित किया।<br>3. कार्यक्रम अधिकारी दयानिधि सिंह यादव द्वारा "जीवन में स्वच्छता" के महत्व पर प्रकाश डाला। |
| 2. | द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर | 18.02.2022 | 1. शिविर का आयोजन इटवाँ ग्राम पंचायत के मलीन बस्ती में किया गया।<br>2. मतदान जागरूकता के लिये स्वयं सेवकों ने कॉलेज में दीपोत्सव का आयोजन किया।<br>3. नशा मुक्ति के लिए वाल राईटिंग किया गया तथा स्लोगनों के माध्यम से जागरूकता लाया गया।<br>4. नव साक्षरता के लिए ग्रामीण लोगो को प्रेरित किया गया। |
| 3. | तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर | 20.02.2022 | 1. शिविर का आयोजन नागेपुर ग्राम पंचायत में किया गया।<br>2. स्वयं सेवकों ने ग्रामीण परिवारों का साक्षरता विषय पर सर्वे किया।<br>3. भारतीय समाज में शिक्षा का महत्व के ऊपर परिचर्चा आयोजित किया गया जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 दयानिधि सिंह यादव तथा डॉ0 शमीम राईन ने इस विषय पर प्रकाश डाला तथा स्वयं सेवकों में रियासत अली, भावना द्विवेदी, तनु पाण्डेय, वर्तिका पाण्डेय व सुनीता मौर्या ने भाग लिया। |
| 4. | चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर | 19.06.2022 | 1. चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया।<br>2. राष्ट्र निर्माण में एन.एस.एस. की भूमिका पर परिचर्चा आयोजित की गयी।<br>3. कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 दयानिधि सिंह यादव ने अपने उद्बोधन में एन.एस.एस.का उद्देश्य एवं कार्यपद्धति पर प्रकाश डाला तो डॉ0 शमीम राइन ने राष्ट्र निर्माण में एन.एस.एस. की भूमिका को रेखांकित किया। स्वयं सेविका भावना द्विवेदी ने श्रेष्ठ नागरिक के निर्माण के लिए एन0एस0एस0 का प्रशिक्षण अति आवश्यक बतलाया। |
| 5. | सात दिवसीय विशेष शिविर | 21.03.2022<br>से<br>27.03.2022 | 1. सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन टिमिलपुरा ग्राम पंचायत भवन में किया गया तथा कार्य स्थल इटवाँ नागेपुर और बलारपुर ग्राम पंचायत को बनाया गया।<br>2. उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी श्री अरूण कुमार पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वयं सेवक समाज और राष्ट्र का कर्णधार है। इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम उन्हें प्रशिक्षित किया जायेगा। स्वयं सेवकों के लिये यह स्वर्णीम अवसर है।<br>3. इस शिविर के माध्यम से स्वयं सेवकों में बौद्धिक स्तर पर रचनात्मक एवं सृजनात्मक कौशल विकसित करने के लिए पर्यावरण संरक्षण एवं संरक्षण, महिला सशक्तिकरण, धार्मिक सद्भाव एवं समरसता, सतत विकास एवं समेकित विकास, लैंगिक समानता, अधिकार एवं कर्तव्य के प्रति जागरूकता युवा समाज एवं राष्ट्र निर्माण इत्यादि पर बौद्धिक गोष्ठी आयोजित की गयी।<br>4. विभिन्न सामाजिक समस्याओं और सामाजिक कुरितियों को दूर करने के लिए जन जागरण रैली निकाली गयी।<br>5. स्वयं सेवको ने रक्त दान किया।<br>6. समापन समारोह के मुख्य अतिथि डॉ0 कृष्ण कुमार सिंह समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि एन.एस.एस. का स्वयं सेवक राष्ट्र निर्माण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। वर्तमान समाज में जितनी भी चुनौतियाँ है उनका सामना करने के लिये यह प्रशिक्षण शिविर स्वयं सेवको के लिए पद लाभप्रद होगा। स्वयं सेवक अपने अन्दर कर्तव्य और त्याग की भावना लाकर नये भारत का निर्माण करेंगें। यही हमारी स्वयं सेवकों के लिए शुभकामना है। |

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
सकलडीहा पी0जी0 कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

सकलडीहा पी०जी० कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली

## राष्ट्रीय सेवा योजना वर्ष (2022–23) कार्यक्रम विवरण

| क्र०सं० | कार्यक्रम | दिनांक | कार्यक्रम का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रथम एक दिवसीय सामान्य शिविर | 21.01.2022 | 1. एक दिवसीय शिविर का आयोजन प्रसिद्ध राष्ट्रवादी एवं समाज सुधारक महादेव गोविन्द रानाडे के जयन्ती के अवसर पर सकलडीहा ग्राम पंचायत के मलीन बस्ती में किया गया।<br>2. शिविर के माध्यम से स्वयं सेवकों ने साफ–सफाई एवं स्वास्थ्य जन जागरूकता, घर की सफाई, गली और मोहल्ले की सफाई, जलाशयों की सफाई, शुद्ध पेय जल का प्रयोग करना, खुले में शौच न करना, शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोना, मच्छरदानी का प्रयोग करना सुपाच्य एवं पौष्टिक भोज्य पदार्थों का प्रयोग करना, सड़े–गले तथा खुले में रखे फलों और सब्जियों का प्रयोग न करना, घर पर डिलेवरी न कराकर गर्भवती महिला को स्वास्थ्य केन्द्र पर ले जाना, अपने आस–पास गन्दा जल न इकट्ठा होने देना पर ग्रामीण लोगों को जानकारी दी गयी।<br>3. वैद्दिक गोष्ठी में नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के 150वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में "पराक्रम दिवस" में कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अनिल तिवारी ने नेताजी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से छात्रों का परिचय कराया।<br>4. कार्यक्रम अधिकारी श्री जितेन्द्र यादव ने महोदव गोविन्द रानाडे न्याय विद एवं समाज सुधारक के जीवन एवं योगदान पर प्रकाश डाला। |
| 2. | द्वितीय एक दिवसीय सामान्य शिविर | 29.01.2023 | 1. शिविर का आयोजन टिमिलपुरा ग्राम पंचायत के मलिन बस्ती में किया गया था।<br>2. शिविर के माध्यम से स्वयं सेवको ने नारी शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण के लिए ग्रामीण लोगो का जागरूक किया तथा उनके यह सोच पैदा की कि लडको के तरह ही लडकियों का परिवरिश करना चाहिए। लडकियाँ लडको की तरह हर काम करने में सक्षम है।<br>3. शहीद दिवस के उपलक्ष्य में गाँधी जी के रचनात्मक कार्यक्रम के ऊपर परिचर्चा आयोजित की गयी थी। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अनिल कुमारी तिवारी ने गाँधी जी के रचनात्मक कार्यों, अस्पृष्यता उन्मूलन, नारी शिक्षा, साफ–सफाई, मद्य निषेध, प्रौढ़ शिक्षा, कुष्ठ रोगियों का सेवा करना, बुनियादी तालीम, धार्मिक सद्भाव से स्वयं सेवको का परिचय कराया। |
| 3. | तृतीय एक दिवसीय सामान्य शिविर | 10.03.2023 | 1. तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन नागेपुर टिमिलपुरा तथा ईटवा ग्राम पंचायतों की मलीन बस्ती में किया गया था।<br>2. इस शिविर के माध्यम से स्वयं सेवको ने साफ–सफाई स्वास्थ्य जागरूकता पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीण लोगो को जागरूक किया।<br>3. शिविर में "प्रथम शिक्षिका सावित्री बाई फुले" पर परिचर्चा आयोजित की गयी थी जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ० अभय वर्मा ने स्त्री शिक्षा के लिए उनके योगदान परचर्चा की। स्वयं सेवको के तरफ से विनोद विश्वकर्मा, नियामत अली, रियासत अली, राहुल कुमार सौम्या यादव तथा प्रीति कुमार ने भाग लिया। |
| 4. | चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर | 12.03.2023 | 1. चतुर्थ एक दिवसीय शिविर का आयोजन इटवाँ, नागेपुर सकलडीहा ग्राम पंचायतों के मलीन बस्ती में किया गया था।<br>2. शिविर के माध्यम से स्वयं सेवको ने घर–घर जाकर स्वास्थ्य जागरूकता, नारी शिक्षा, साफ–सफाई, संक्रमक रोगो के कारण व निदान, सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं के बारे में ग्रामीण लोगों को जागरूक किया।<br>3. नमक सत्याग्रह के उपलक्ष्य में "समाज और जागरूकता पर परिचर्चा आयोजित की गयी थी जिसमें डॉ० अनिल कुमार तिवारी ने स्वयं सेवको को यह बताया कि हमे अपने कर्तव्यों और दायित्वों से विमुख नही होना चाहिए समाज विरोधी गतिविधियों का अहिंसात्मक साधनों से विरोध करना चाहिए जैसे गाँधी जी ने नमक कानून का विरोध किया था। |
| 5. | सात दिवसीय विशेष शिविर | 28.02.2023 से 06.03.2023 | 1. सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन "अमृत सरोवर दुर्गा माता मन्दिर" टिमिलपुरा में किया गया था, कार्य स्थल टिमिलपुरा, नागेपुर तथा सकलडीहा ग्राम पंचायत था।<br>2. इस शिविर के उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्री विकासधर दूबे तहसीलदार सकलडीहा थे उन्होंने ने अपने उद्बोधन के स्वयं सेवको को एन.एस.एस. के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों के बारे में बताया तथा कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में आपके लिए प्रेरणादायी होगी।<br>3. विभिन्न सामाजिक समस्याओं एवं सामाजिक कुरीतियों एवं पर्यावरण संरक्षण (पॉलिथीन निषेध) के प्रति जागरूकता के स्वयं सेवको ने रैली निकाली तथा जगह–जगह पर नुक्कड नाटक भी किया।<br>4. शिविर के समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री मनोज पाण्डेय उप जिलाधिकारी सकलडीहा थे। अपने उद्बोधन में छात्रों को समाज सेवा तथा राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित किया तथा कहा कि जब हमारे समाज में मुझे नही तुझे की भावना को आत्मसात किया जाने लगेगा तभी मानव जीवन की सार्थकता होगी और यह दायित्व हमारे युवा वर्ग पर ही है। पर हित सरिस धर्म नहीं भाई यह हमारे धर्म ग्रन्थों का मूल ग्रन्थ रहा है। "इसे समाज में कार्यान्वित करने की जरूरत है। |

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
सकलडीहा पी०जी० कॉलेज, सकलडीहा–चन्दौली


सकलडीहा पी०जी० कॉलेज
राष्ट्रीय सेवा योजना
शिविर
में
आप का स्वागत है।
NATIONAL SERVICE SCHEME
Shot on OnePlus
Varanasi Division, Uttar Pradesh 2023.03.06 13:30
By B2

# रोवर्स रेंजर्स ने प्राथमिक चिकित्सा और उपचार का सीखा गुण



**सकलडीहा।** सकलडीहा पीजी कॉलेज में गुरुवार को भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश की जिला ईकाई के तत्वाधान में प्रगतिशील प्रवेश रोवर रेंजर को तीसरे दिन विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण दिया गया।

इस दौरान महाविद्यालय की ओर से सभी प्रशिक्षु रोवर्स रेंजर्स को माला फूल पहनाकर स्वागत किया गया। शिविर प्रशिक्षण के तीसरे दिन रोवर्स रेंजर्स को गांठ फास, बंधन व प्राथमिक चिकित्सा व उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी । साथ ही साथ बिना बर्तन के भोजन बनाने की प्रक्रिया को भी बताया गया। अंत में रोवर्स रेंजर्स को दीक्षा भी कराया गया । प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य प्रो.प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि दीक्षा संस्कार से समाज और देश का विकास होता है। रोवर्स प्रभारी डॉ इंद्रजीत सिंह ने दीक्षा व गांठ फास बंदन से देश सेवा के लिए आत्मनिर्भर बनाता है।

वही रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रीतम उपाध्याय रोवर्स रेंजर्स को प्राथमिक चिकित्सा से स्वयं की रक्षा के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो.शमीम राईन,डॉ राजेश कुमार यादव,डॉ अजय सिंह यादव,बृजेश यादव,धर्मेन्द्र कुमार यादव,स्काउट गाइड ट्रेनर पूजा कुमारी कार्यक्रम का संचालन जिला ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट महेंद्र कुमार ने किया।

## संक्षिप्त

# स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन

**सकलडीहा।** पीजी कालेज में पांच दिवसीय भारत स्काउट के तत्वाधान में आयोजित प्रगतिशील प्रवेश रोवर रेंजर के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर समापन शनिवार को किया गया। मुख्य अतिथि भारत स्काउट और गाइड मुख्यायुक्त डॉ० श्रीकृष्ण लाल ने रोवर्स रेंजर को संबोधित करते हुए कहा कि भारत स्काउट और गाइड को देश भक्ति व समाज सेवा का प्रतीक माना जाता है। रोवर्स रेंजर जिस भावना से कार्य करते हुए उससे सीखने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रो० शमीम राईन, प्रो० महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ अजय कुमार सिंह यादव, डॉ मनीष राय, धर्मेन्द्र कुमार यादव, श्यामलखन, डॉ० प्रीतम उपाध्याय, पूजा कुमारी सहित अन्य रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य प्रो० उदय शंकर झा व संचालन महेंद्र कुमार ने किया।

# रोवर्स रेंजर्स का प्रशिक्षण जीवन को बनाता है सरल और मृदुल

**सकलडीहा।** उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड की जिला ईकाई के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रगतिशील प्रवेश रोवर रेंजर प्रशिक्षण शिविर का चौथे दिन प्रशिक्षण संपन्न हुआ। बतौर मुख्य अतिथि प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय रोवर्स रेंजर्स द्वारा बनायी गयी टेंट व कला का निरीक्षण किया। चौथे दिन प्रशिक्षण में रोवर्स रेंजर्स को गांठ फास, बंधन व प्राथमिक चिकित्सा के साथ बिना बर्तन के भोजन बनाने की कला से अवगत कराया गया।



सकलडीहा पीजी कॉलेज में आयोजित रोवर्स रेजर्स की प्रशिक्षण में टेंट का निरीक्षण करते प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय।

इसके साथ ही रोवर्स रेजर्स को आपातकाल मे टेंट प्रशिक्षण का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्राचार्य प्रोफेसर प्रदीप कुमार पांडेय ने निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि जीवन में प्रशिक्षण व्यक्ति को सरल और मृदुभाषी बनाता है। इसके पूर्व रोवर्स प्रभारी डॉ इंद्रजीत सिंह व रेंजर्स प्रभारी डा.प्रीतम उपाध्याय ने कहा कि रोवर्स रेजर्स समाज का एक अभिन्न अंग है। इस कार्यक्रम में प्रो.शमीम राईन, डा.राजेश कुमार यादव, डा.उदय शंकर झा, प्रो.महेंद्र प्रताप सिंह, डा. दयाशंकर सिंह यादव, प्रोफेसर इंद्रदेव सिंह, डा.योगेंद्र तिवारी, अजय कुमार यादव, डॉ अजय कुमार सिंह यादव, बृजेश यादव, धर्मेन्द्र कुमार यादव, पूजा कुमारी उपस्थित रहे। संचालन जिला ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट महेंद्र कुमार ने किया।

# रोवर्स रेंजर को दिया गया प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण

**सकलडीहा।** भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में आयोजित प्रगतिशील प्रवेश रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को रोवर्स रेंजर्स को गांठ फांस बंधन व प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही बिना बर्तन के भोजन बनाने की प्रक्रिया को भी बताया गया वही आपात स्थिति में टेंट प्रशिक्षण का अभ्यास भी कराया गया। इस दौरान कालेज के प्राचार्य ने सभी टेंटों का निरीक्षण करते हुए रोवर्स रेंजर्स को दीक्षा भी कराया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो० प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि दीक्षा संस्कार से समाज और देश का विकास होता है। रोवर्स प्रभारी डॉ इंद्रजीत सिंह ने कहा कि दीक्षा व गांठ–फास बंदन देश सेवा के लिए आत्मनिर्भर बनाता है। रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रीतम उपाध्याय रोवर्स रेंजर्स को प्राथमिक चिकित्सा से स्वयं की रक्षा के बारे में बताया। इस मौके पर प्रो० शमीम राईन, डॉ राजेश कुमार यादव, डॉ उदय शंकर झा, प्रो० महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ दयाशंकर सिंह यादव, प्रो० इंद्रदेव सिंह, डॉ योगेंद्र तिवारी, अजय कुमार यादव, डॉ अजय कुमार सिंह यादव, बृजेश यादव, धर्मेन्द्र कुमार यादव, स्काउट गाइड ट्रेनर पूजा कुमारी मौजूद रही। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार ने किया।

# पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर प्रशिक्षण का शुभारम्भ

**सकलडीहा।** पीजी कालेज में मंगलवार को पांच दिवसीय रोवर्स/रेंजर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। इस दौरान रोवर्स रेंजर को अनुशासन, समाजसेवा, देश प्रेम सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों व उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो० प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि रोवर्स रेंजर को अनुशासन व समाजसेवा के प्रति समाज मे एक अलग पहचान मिली है। कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर रोवर्स रेंजर को उनके कर्तब्यों के प्रति सजग व सचेत करने में सहायक होगा। वही सराहना करते हुए कहा कि रोवर्स रेंजर विपरीत परिस्थिति में आगे बढ़कर समाज सेवा करते हैं। वह काबिले तारीफ है। जरूरत बस इसी विश्वास को बनाए रखने की है। रक्षा अध्ययन विभाग के प्रो विजेंद्र सिंह ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की शिक्षा रोवर्स रेंजर को दी। वही डॉ० दयाशंकर सिंह यादव ने कहा कि इस शिविर के पश्चात व्यक्ति के व्यक्तित्व में अभूतपूर्व परिवर्तन आम है। डॉ० इंद्रजीत सिंह ने रोवर्स रेंजर शिविर में प्रतिभाग करने का महत्व बताते हुए कहा कि इससे शरीर का सर्वांगीण विकास होता है। इस मौके पर डॉ० उदयशंकर झा, महेंद्र कुमार, पूजा कुमारी, डॉ० राजेश कुमार यादव, अजय सिंह यादव, डॉ० संदीप कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार यादव, श्यामलखन सहित अन्य रहे धन्यवाद ज्ञापन रेंजर प्रभारी प्रीतम उपाध्याय ने किया।



# देश प्रेम की भावना से समाज में कार्य करें रोवर्स/रेंजर

**सकलडीहा, चंदौली।** पीजी कालेज मे मंगलवार को पांच दिवसीय रोवर्स/ रेंजर प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया।इस दौरान रोवर्स रेंजर को अनुशासन,समाजसेवा,देश प्रेम सहित अन्य सामाजिक गतिविधियों व उद्देश्यों को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो.प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि रोवर्स/रेंजर को अनुशासन व समाजसेवा के प्रति समाज मे एक अलग पहचान मिली है। कहा कि यह प्रशिक्षण शिविर रोवर्स/रेंजर को उनके कर्तब्यों के प्रति सजग व सचेत करने में सहायक होगा। वही सराहना करते हुए कहा कि रोवर्स/रेंजर विपरीत परिस्थिति में आगे बढ़कर



शिविर में बोलते प्राचार्य प्रो.प्रदीप कुमार पाण्डेय

समाज सेवा करते है वह काबिले तारिफ है। जरूरत बस इसी विस्वास को बनाए रखने की है। रक्षा अध्ययन विभाग के प्रो.विजेंद्र सिंह ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शी पर चलने की शिक्षा रोवर्स/रेंजर को दी। वही डॉ. दयाशंकर सिंह यादव ने कहा कि इस शिविर के पश्चात व्यक्ति के व्यक्तित्व में अभूतपूर्व परिवर्तन आम है। डॉ. इंद्रजीत सिंह ने रोवर्स/रेंजर शिविर में प्रतिभाग करने का महत्व बताते हुए कहा कि इससे शरीर का सर्वागीण विकास होता है। इस मौके पर डॉ. उदयशंकर झा, महेंद्र कुमार,पूजा कुमारी, डॉ.राजेश कुमार यादव, अजय सिंह यादव, डॉ.संदीप कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार यादव, श्यामलखन सहित अन्य रहे। धन्यवाद ज्ञापन रेंजर प्रभारी प्रीतम उपाध्याय ने किया।

# पीजी कालेज में दूसरे दिन भी चला रोवर्स/रेंजर प्रशिक्षण कार्यक्रम

**सकलडीहा।** पीजी कालेज में पांच दिवसीय रोवर्स/रेंजर प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन बुधवार को नियम, प्रतिज्ञा, प्रार्थना, ध्वज गीत, ध्वज शिष्टाचार ध्वज की जानकारी दी गयी। इसके साथ ही स्काउट गाइड इतिहास पर भी विस्तृत जानकारी देतें हुए प्रकाश डाला गया। भारत स्काउट/गाइड कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि रोवर्स/रेंजर्स का सामाजिक कार्य काफी सराहनीय व प्रशंसनीय है।समाज व देश सेवा के इनके जज्बे एक मिसाल के तौर पर देखे जाते है।उन्होंने रोवर्स/रेंजर का आह्वाहन करतें हुए कहा कि इसको इसी तरह अनवरत आगे भी जारी रखने की जरूरत है। ताकि समाज सेवा व देश सेवा का भाव लोगो मे उत्पन्न होता है। रोवर प्रभारी डॉ. इंद्रजीत सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड से एकता और अनुशासन का भाव प्रकट होता है। रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रीतम उपाध्याय ने बताया कि रोवर्स रेंजर्स करने से सर्वांगीण विकास होता है। इस कार्यक्रम में स्काउट गाइड की ट्रेनर पूजा कुमारी, डॉ अजय कुमार सिंह यादव, डॉ मनीष राय, धर्मेन्द्र कुमार यादव, श्यामलखन रहे कार्यक्रम का संचालन जिला ट्रेनिंग काउंसलर महेंद्र कुमार ने किया।

# रोवर्स/रेंजर को चौथे दिन दिया गया प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण

**सकलडीहा (परफेक्ट मिशन)।** भारत स्काउट और गाइड के तत्वाधान में आयोजित प्रगतिशील प्रवेश रोवर/रेंजर प्रशिक्षण शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को रोवर्स रेंजर्स को गांठ फास,बंधन व प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी गयी।इसके साथ ही बिना बर्तन के भोजन बनाने की प्रक्रिया को भी बताया गया वही आपात स्थिति में टेंट प्रशिक्षण का अभ्यास भी कराया गया। इस दौरान कालेज के प्राचार्य ने सभी टेंटों का निरीक्षण किया करते हुए।रोवर्स रेंजर्स को दीक्षा भी कराया गया।इस अवसर पर प्राचार्य प्रो.प्रदीप कुमार पांडेय ने कहा कि दीक्षा संस्कार से समाज और देश का विकास होता है।रोवर्स प्रभारी डॉ इंद्रजीत सिंह ने कहा कि दीक्षा व गांठ–फास बंदन देश सेवा के लिए आत्मनिर्भर बनाता है।रेंजर्स प्रभारी डॉ प्रीतम उपाध्याय रोवर्स रेंजर्स को प्राथमिक चिकित्सा से स्वयं की रक्षा के बारे में बताया।इस मौके पर प्रो.शमीम राईन,डॉ राजेश कुमार यादव,डॉ उदय शंकर झा,प्रो.महेंद्र प्रताप सिंह,डॉ दयाशंकर सिंह यादव,प्रो.इंद्रदेव सिंह,डॉ योगेंद्र तिवारी,अजय कुमार यादव, डॉ अजय कुमार सिंह यादव,बृजेश यादव,धर्मेन्द्र कुमार यादव,स्काउट गाइड ट्रेनर पूजा कुमारी मौजूद रही।कार्यक्रम का संचालन महेंद्र कुमार ने किया।

आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के प्रयास से विकास होगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भोलेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने का लगातार प्रयास सबका मन मोह लिया। एक्सईएन आशीष सिंह, बीईओ सुरेंद्र बहादुर सिंह, बीडीओ गुलाब चंद्र सोनकर, जेपी रावत, डा. देवेंद्र प्रताप सिंह, अशोक सिंह, एल. उमाशंकर आदि मौजूद थे।

23 फरवरी, 2020 दै. जा.

## स्काउट-गाइड के जनक का मनाया जन्मदिन

जासं, सकलडीहा (चंदौली) : स्थानीय पीजी कालेज में शनिवार को स्काउट-गाइड के जनक लार्ड बेडेन पावेल का जन्मदिन मनाया गया। छात्रों को उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। प्राचार्य डा. पीके सिंह ने कहा कि सभी रोवर्स रेंजर्स बेडेन पावेल के बताए मार्ग पर चलकर देश सेवा में योगदान दें। महापुरुषों के जन्मदिन पर हमें समाज सेवा का संकल्प लेना चाहिए। रोवर प्रभारी डा. विजेंद्र सिंह ने कहा कि लार्ड बेडेन पावेल का जीवनवृत्त सेवा व अनुशासन का बड़ा उदाहरण है। प्राचार्य व रोवर प्रभारी ने लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर दीप जलाकर शुभारंभ किया। डा. शिवसहाय सिंह, डा. शमीम राइन, डा. अभय वर्मा, डा. अतुल पांडेय, धर्मेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।

# नीति आयोग के निर्धारित बिंदुओं पर हुई बैठक




गैले
आपका अपना म
प्लाट नं०: 4,5,
स्वास्थ्य
से
बुकिंग प्रा
मल्टीक्रॉप कम्ब
(गेहूँ, धान, सोयाबीन व दलहन की
कम रख-रखाव
आधुनिक तकन
विश्वास का बे
Maize/ Corn
भी उपल


राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
सकलडीहा पी.जी. कालेज
सकलडीहा · चन्दौली

# प्रतिभा को निखारती है प्रतियोगिता

**खेलकूद**

**सकलडीहा | हिन्दुस्तान संवाद**




सकलडीहा पीजी कॉलेज में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता के विजयी छात्रों के साथ शिक्षक और प्राचार्य। • हिन्दुस्तान

सकलडीहा पीजी कॉलेज में शुक्रवार से दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन शुरू हुआ। प्रथम दिन गोलाप्रक्षेप, रस्सा कस्सी, म्युजिकल चेयर और उंची कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें बीए और एमए के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर खेल शिक्षक सहित अन्य मौजूद रहे।

महाविद्यालय प्रशासन दो दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पहले दिन गोला प्रक्षेप, रस्सा कस्सी, म्युजिकल चेयर और उंची कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें गोला प्रक्षेप बालक वर्ग में प्रथम विकास, द्वितीय राणा प्रताप यादव, तृतीय सूरज राम रहे। बालिका वर्ग में अंजली राय प्रथम, प्रितिराय द्वितीय और मनीषा तृतीय स्थान पर रही। रस्साकस्सी बालक वर्ग में एमए प्रथम वर्ष के छात्र प्रथम और बीए द्वितीय वर्ष के छात्र द्वितीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग मे बीएम तृतीय वर्ष की छात्रा प्रथम और बीए सेकेंडियर की छात्रा द्वितीय स्थान पर रही। म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता में मनीषा कन्नौजिया प्रथम, अंजनी द्वितीय और नीतू राय तृतीय स्थान पर रही।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए प्राचार्य डा. प्रमोद कुमार सिंह व कार्यक्रम संयोजक व खेल शिक्षक डा. राजेश यादव ने कहा कि प्रतियोगिता प्रतिभा को निखारता है। अंत में पहले दिन के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर डा. शिवसहाय सिंह यादव, डा. शमीम राईन, डा. इन्द्रदेव सिंह, डा. प्रमोद पांडेय, डा. विजय पांडेय, डा. इन्द्रजीत सिंह, डा. इन्द्रदेव यादव, अजय यादव, धमेन्द्र यादव, बृजेश यादव, पप्पू पांडेय आदि मौजूद रहे।